909

SAMAGRA SHIKSHA - KERALA
FIRST TERM-END EVALUATION - 2023-24

A

Third Language
HINDI

STD. IX

Time : 90 minutes

Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'पुल बनी थी माँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जब तक जीवित रही माँ
हम बदलते रहे अपने कंधे
माँ आखिर माँ ही तो है
बार-बार हमें कंधे बदलते देख
हमारे कंधों से उतर गई माँ
और माँ के कंधों से उतरते ही
उतर गए हमारे कंधे।

1. बेटों के कंधों से कौन उतर गई? 1

(क) मामी (ख) दादी
(ग) माँ (घ) बहिन

2. 'हम बदलते रहे अपने कंधे' –यहाँ 'कंधा बदलना' का क्या तात्पर्य है? 1

(क) दुर्बल होना (ख) सशक्त होना
(ग) दायित्व बदलना (घ) निराश्रय होना

3. समान आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

बेटे अपने दायित्व बदलते रहे।

4. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और 5 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फिर, एक दिन एकाएक, वह गाड़ीवाला दिखाई दिया। पक्षी को बड़ी खुशी हुई। उसने पुकारकर कहा, "गाड़ीवाले! ओ गाड़ीवाले! मैं कब से तुम्हारा इंतज़ार कर रहा था।"

5. नौजवान पक्षी किसका इंतज़ार कर रहा था? 1

(क) पिता का। (ख) मित्र का।

(ग) माँ का। (घ) गाड़ीवाले का।

6. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(नौजवान, बहुत)

पक्षी खुश हुआ।

पक्षी गाड़ीवाले को देखकर खुश हुआ।

....

....

7. कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

'पक्षी और दीमक' कहानी के आधार पर **चार सही प्रस्ताव** चुनकर लिखें।

- नौजवान पक्षी को दीमकों का शौक है।
- नौजवान पक्षी और गाड़ीवाले का सौदा तय हो जाता है।
- गाड़ीवाला नौजवान पक्षी को पंख के बदले फल देता है।
- नौजवान पक्षी धीरे-धीरे दुर्बल हो जाता है।
- नौजवान पक्षी पिता की बात नहीं मानता है।
- गाड़ीवाला नौजवान पक्षी को पंख वापस करता है।

सूचना : 'टीवी' पटकथा का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

(मनोहर टीवी चलाता है। गोपू, लल्लू और चुन्नी सीधे होकर बैठ जाते हैं। टीवी से आवाज़ आती है... तस्वीर दिखना अभी बाकी है।)

टीवी की आवाज़ : और मद्रास का अधिकतम तापमान रहा 34 डिग्री...

(गोपू की आँखें फैल रही हैं। टीवी के शीशे पर हल्की-हल्की रोशनी भी फैल रही है। तस्वीरें किसी भी पल दिख जाएँगी। और तभी, बिजली चली जाती है। घुप्प अंधेरा हो जाता है।)

8. 'हल्की रोशनी' में विशेषण शब्द कौन-सा है? 1

9. गोपू, लल्लू और चुन्नी टीवी नहीं देख सके। क्यों? 2

10. काफ़ी मेहनत करने पर भी बच्चे टीवी नहीं देख सके। घर जाकर गोपू ने सारी बातें माँ को बताईं। गोपू और माँ के बीच की **बातचीत** लिखें। 4

सूचना : 'पुल बनी थी माँ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हम भाइयों के बीच
पुल बनी थी माँ
जिसमें आए दिन
दौड़ती रहती थी बेधड़क
बिना किसी हरी लाल बत्ती के
हम लोगों की छुक छुक छक छक

11. बेटों की ज़िंदगी की तुलना किससे की गई है? 1

(क) बत्ती से। (ख) रेलगाड़ी से।

(ग) पुल से। (घ) सड़क से।

12. कविता में माँ को पुल कहा गया है। क्यों? 2

13. स्कूल में 12 मई 2024 को विश्व मातृदिवस मनानेवाला है। 'माँ का संरक्षण संतानों का दायित्व है' यह संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

सूचना : 'टीवी' पटकथा का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 14 और 15 के उत्तर लिखें।

कस्बेवाला 1 : कहते हैं मनोहर चाचा से मिलने आए हैं... कीरतपुर से...
कस्बेवाला 2 : अब चुप हो जाओ। डरो मत। क्या नाम है तुम्हारा?
लल्लू : लल्लू!
चुन्नी : (रोते हुए) मुझे घर जाना है।
(मनोहर चाचा आ जाते हैं। गोपू को उठा लेते हैं।)

14. बच्चे कीरतपुर से क्यों आए हैं? 1

(क) शहर देखने। (ख) पहाड़ देखने।

(ग) जंगल देखने। (घ) टीवी देखने।

15. चुन्नी दोस्तों के साथ मनोहर चाचा के घर जाती है। यात्रा के अनुभवों पर चुन्नी की **डायरी** लिखें। 4

सूचना : 'पक्षी और दीमक' कहानी का यह अंश पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन उसके पिता ने देख लिया। उसने समझाने की कोशिश की कि बेटे, दीमकें हमारा स्वाभाविक आहार नहीं हैं, और उनके लिए अपने पंख तो हरगिज़ नहीं दिए जा सकते। लेकिन, उस नौजवान पक्षी ने बड़े ही गर्व से अपना मुँह दूसरी ओर कर लिया।

16. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + की = उसके (ख) वह + के = उसके

(ग) वह + का = उसके (घ) वह + को = उसके

17. पिता पक्षी नौजवान पक्षी को क्या समझाता है? 2

18. संकेतों के आधार पर नौजवान पक्षी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। 4

- आलसी
- पिता की बातें नहीं माननेवाला
- प्रलोभन में फँसनेवाला

अथवा

'पक्षी और दीमक' कहानी के आधार पर सही मिलान करें।

नौजवान पक्षी	दीमकें बेचता है।
गाड़ीवाला	उपदेश देता है।
काली बिल्ली पक्षी को	दीमकें चाहता है।
पिता पक्षी	मुँह में दबा देती है।